# गुणा करना (गुणन)

AH1GHH

## पूर्ण दशकों से गुणा करना

टोनी : किसी संख्या में १० से गुणा करने का अर्थ है, उस संख्या का दस गुना करना ।
३ × १० का अर्थ है ३ का दस गुना, तीन दहाँ तीस, ३ × १० = ३०, इसी प्रकार
४ × १० = ४०, ५ × १० = ५०, ६ × १० = ६०, १० × १० = १०० ।

सोनी : अत: १३ × १० = १३०, २४ × १० = २४० और ४० × १० = ४०० ऐसा आएगा ।

शिक्षिका: किसी संख्या में दस से गुणा करने का अर्थ है, उस संख्या के आगे एक शून्य लिखना ।

सलमा : २० × ३ अर्थात २० + २० + २० = ६० आता है ।

टोनी : २० × ३ ज्ञात करते समय, २ दशकों का तिगुना = ६ दशक = ६० ।

शिक्षिका: २० × ३ ज्ञात करते समय, २ तथा ३ का गुणा करेंगे और आगे शून्य लिखेंगे । गुणनफल आया ६० ।
इसी प्रकार,
२० × ६ = २ द × ६ = १२ द = १२० ५० × ७ = ५ द × ७ = ३५ द = ३५०
४० × ५ = ४ द × ५ = २० द = २०० ८० × ३ = ८ द × ३ = २४ द = २४०

सोनी : यदि दोनों संख्याओं की इकाई के स्थान पर शून्य हो, तो ?

शिक्षिका: ३० × २० जैसा गुणा करते समय दोनों में से कोई एक संख्या दशक के रूप में लिखो।
३० × २० का अर्थ है ३० × २ द ।

सलमा : यह तो ६० द हो गया, अर्थात ६०० हो गया ।

सोनी : ३० × २० अर्थात ६०० हुए न ?

टोनी : ३ द × २ द अर्थात ६ सै हो गए, ऐसा ही न ?

शिक्षिका: बिलकुल ठीक । इसका अर्थ है कि ३० × २० जैसा गुणा करते समय सर्वप्रथम ३ × २ जैसा गुणा करो और उसके आगे दो शून्य लिखो ।
करके देखो । ४० × २० = ८०० आता है । ३० × ३० = ९०० आता है ।

यदि दो संख्याओं में इकाई के स्थान पर शून्य हो तो उनका गुणा करते समय दहाई के स्थान के अंकों का गुणा करके गुणनफल के आगे दो शून्य लिखना चाहिए ।

✦ गुणा करो ।

- ४ × ५० = ☐
- ३ द × ३ द = ☐
- ७० × १० = ☐
- ६ × २० = ☐
- ४ द × २ द = ☐
- २० × २० = ☐

## दो अंकवाली संख्या में एक अंकवाली संख्यासे गुणा करना : चौखट विधि (लैटिस विधि)

सोनी : कल मैंने ३४ रुपये प्रत्येक पुस्तक की दर से दो पुस्तकें खरीदीं । बताओ तो मैंने कितने रुपये दिए होंगे ।

सलमा : इसके लिए ३४ × २ जैसा गुणा करना पड़ेगा ।

शिक्षिका: यह गुणा करने के लिए मैं तुम्हें एक युक्ति बताती हूँ । ६ का पहाड़ा तैयार करते समय हमने ६ के ४ तथा २ जैसे दो भाग (टुकड़े) करके पहाड़ा तैयार किया था । ठीक वैसी ही युक्ति का उपयोग करके हम यह गुणा करेंगे । ३४ के दो भाग (टुकड़े) ३० + ४ करो । इसमें ३० एक पूर्ण दशक (दहाई) संख्या होने के कारण गुणा करना आसान होगा ।

| × | ३० (३ द) | ४ (४ इ) |
|---|---|---|
| २ | (३० × २ ) ६० | (४ × २) ८ |

सोनी : सर्वप्रथम ३० अर्थात ३ दशकों में २ से गुणा किया । ६ दशक अर्थात ६० आया ।
बाद में ४ इकाई × २ = ८
अब ६० तथा ८ को जोड़ा ।
६० + ८ = ६८, अत: ३४ × २ = ६८ ।

✦ नीचे हल किए गुणन ध्यान से देखो ।

✤ ३७ × ४

| × | ३० | ७ |
|---|---|---|
| ४ | १२० | २८ |

| |
|---|
| १२० |
| + २८ |
| १४८ |

३७ × ४ = १४८

✤ ५६ × ३

| × | ५० | ६ |
|---|---|---|
| ३ | १५० | १८ |

| |
|---|
| १५० |
| + १८ |
| १६८ |

५६ × ३ = १६८

✦ चौखटों का उपयोग करके लैटिस विधि से नीचे दिए गए गुणा (गुणन) पूर्ण करो ।

✤ ४२ × ३

| × | ४० | २ |
|---|---|---|
| ३ | | |

✤ ५१ × ६

| × | ५० | १ |
|---|---|---|
| ६ | | |

✤ ७३ × ५

| × | ७० | ३ |
|---|---|---|
| ५ | | |

✤ ३९ × ८

| × | ३० | ९ |
|---|---|---|
| ८ | | |

## दो अंकवाली दो संख्याओं का गुणा करना : चौखट विधि

✤ प्राणिसंग्रहालय देखने जाते समय प्रत्येक बच्चा बस के लिए १२ रुपये देता है । यदि कुल २५ बच्चे जानेवाले हों तो कुल कितने रुपये एकत्र होंगे ?

नंदू : इसके लिए २५ में १२ का गुणा ही तो करना है न ?

शिक्षिका: हम पुन: सुविधाजनक भाग (टुकड़े) करके चौखट विधि से गुणा करेंगे । २५ = २० + ५ और १२ = १० + २, इस प्रकार भाग (टुकड़े) लेते हैं ।

| × | २० | ५ |
|---|---|---|
| १० | २०० | ५० |
| २ | ४० | १० |

| |
|---|
| २०० |
| + ५० |
| + ४० |
| + १० |
| ३०० |

२५ × १२ = ३०० रुपये एकत्र होंगे ।

✦ चौखट विधि से गुणा करो ।

✤ ४३ × २३

| × | ४० | ३ |
|---|---|---|
| २० | | |
| ३ | | |

४३ × २३ = ☐

✤ ६२ × १३

| × | ६० | २ |
|---|---|---|
| १० | | |
| ३ | | |

६२ × १३ = ☐

✤ ३२ × १४

| × | ३० | २ |
|---|---|---|
| १० | | |
| ४ | | |

३२ × १४ = ☐

✤ १३ × २७

| × | १० | ३ |
|---|---|---|
| २० | | |
| ७ | | |

१३ × २७ = ☐

✦ गुणा करो ।

✤ ५६ × १६　　✤ ७१ × १२　　✤ २९ × २९

## गुणा (गुणन) करना : खड़ा विन्यास

शिक्षिका : हम चौखटों का उपयोग करके (लैटिस विधि से) गुणा करना सीख चुके हैं । अब देखेंगे कि वही क्रिया (गुणन) एक अलग प्रकार से किस प्रकार की जाती है । हमने क्रिया तो समझ ली है । उसे अलग विधि से लिखेंगे ।

✦ गुणा करो : ३४ × २

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| ३ | ४ |
| × | २ |
| ६ | ८ |

सर्वप्रथम इकाई के स्थानवाले ४ में २ का गुणा करेंगे ।
दो चौक आठ; अतः रेखाखंड के नीचे इकाई में ८ लिखेंगे ।
अब दहाई के स्थान के ३ में २ का गुणा करेंगे ।
दो तियाँ छह । इस ६ को दहाई के स्थान पर लिखेंगे ।
गुणनफल आया ६८ ।

टोनी : बहुत अच्छा ! यह तो तुरंत पूरा हो गया ।

✦ गुणा करो ।

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| ४ | २ |
| × | २ |
| ८ | ४ |

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| २ | ४ |
| × | २ |
| | |

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| २ | २ |
| × | ४ |
| | |

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| ३ | १ |
| × | ३ |
| | |

## हासिलवाला गुणन

टोनी : २६ × ३ यह गुणा कैसे करना है ?

सलमा : गुणा का खड़ा विन्यास करेंगे ।
सर्वप्रथम इकाई के खाने में लिखे गए ६ में ३ से गुणा करेंगे ।
तीन छक अठारह ।

| द | इ |
|---|---|
| | |
| २ | ६ |
| × | ३ |
| | |

शिक्षिका : अठारह की १० इकाइयों की एक दहाई (दशक) बनाकर दहाई के खाने में ऊपर लिखेंगे । इकाई के खाने में रेखाखंड के नीचे आठ लिखेंगे । दहाई के खाने के २ में ३ से गुणा करेंगे । तीन दुनी छह तथा नई आई हुई एक दहाई (दशक) मिलाकर ७ दहाई हो गए । इसे दहाई के खाने में उत्तर के स्थान पर लिखेंगे ।
गुणनफल आया ७८ ।

| द | इ | |
|---|---|---|
| १ | | हासिल |
| २ | ६ | |
| × | ३ | |
| ७ | (१)८ | |

✦ गुणा करो : १८ × ४

| दहाई | इकाई |
| --- | --- |
| ③ | |
| १ | ८ |
| × | ४ |
| ७ | ~~३~~ २ |

सबसे पहले ८ इकाई में ४ से गुणा करेंगे । चार अट्ठे बत्तीस । उसकी ३० इकाइयों से ३ दहाई (दशक) बनते हैं । उस ३ को दहाई के खाने में ऊपर लिखेंगे । २ इकाई को, इकाई के खाने में रेखाखंड के नीचे लिखेंगे । अब दहाई के खाने में लिखे गए १ में ४ से गुणा करेंगे । चार एकम चार और ऊपर लिखा गया तीन मिलाकर हुए सात दहाई (दशक) । इसे रेखाखंड के नीचे दहाई के खाने में लिखेंगे । गुणनफल आया ७२ ।

✦ गुणा करो ।

| दहाई | इकाई |
| --- | --- |
| | |
| १ | ५ |
| × | ५ |
| | |

| दहाई | इकाई |
| --- | --- |
| | |
| २ | ४ |
| × | ३ |
| | |

| दहाई | इकाई |
| --- | --- |
| | |
| २ | ७ |
| × | ३ |
| | |

| दहाई | इकाई |
| --- | --- |
| | |
| १ | ५ |
| × | ६ |
| | |

| | दहाई | इकाई |
| --- | --- | --- |
| | २ | |
| | २ | ३ |
| × | | ७ |
| १ ← | ①६ | ②१ |

| सै | द | इ |
| --- | --- | --- |
| १ | ६ | १ |

शिक्षिका : २३ × ७ यह गुणा करना है । सबसे पहले ३ इकाइयों में ७ से गुणा करेंगे । ७ तियाँ २१ । उनमें से २० इकाइयों की २ दहाई बनाकर उसे दहाई के खाने में ऊपर लिखेंगे । इकाई के खाने में १ रह गया । अब दहाई के खाने में ७ दुनी १४ और हासिल आए हुए २ को मिलाकर १६ दहाइयाँ हुईं ।

सलमा : १६ दहाई का अर्थ है १ सैकड़ा तथा ६ दहाई । अतः गुणनफल आया १६१ ।

| सै | द | इ |
| --- | --- | --- |
| | | |
| | ३ | ६ |
| | × | ४ |
| | | |

| सै | द | इ |
| --- | --- | --- |
| | | |
| | ४ | ० |
| | × | ८ |
| | | |

| सै | द | इ |
| --- | --- | --- |
| | | |
| | ५ | ४ |
| | × | ७ |
| | | |

| सै | द | इ |
| --- | --- | --- |
| | | |
| | ९ | २ |
| | × | ८ |
| | | |

## शाब्दिक प्रश्न

✤ एक पैकेट में ३४ चॉकलेट की दर से ९ पैकेटों में कुल कितने चॉकलेट ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ३ | | |
| | ३ | ४ | चॉकलेट (एक पैकेट में) |
| | × | ९ | कुल पैकेट |
| ३ | ० | ६ | कुल चॉकलेट |

कुल चॉकलेट ३०६

✤ एक पुस्तक का मूल्य ८५ रुपये हो तो ऐसी ५ पुस्तकों का मूल्य कितना होगा ?

  ८५ रुपये (प्रत्येक पुस्तक का मूल्य)
× ५ कुल पुस्तकें
    रुपये

कुल मूल्य ☐ रुपये

✤ १ मीटर कपड़े का मूल्य ९५ रु. है, तो ६ मीटर कपड़े का मूल्य कितना होगा ?

कपड़े का मूल्य ☐ रुपये

✤ १ लीटर दूध का मूल्य ४० रुपये, तो ३ लीटर दूध का मूल्य कितना होगा ?

दूध का मूल्य ☐ रुपये

✦ नीचे दिए गए प्रश्नों को हल करो ।

✤ यदि एक कतार में २५ बच्चे हों, तो ऐसी ७ कतारों में बच्चों की संख्या कितनी होगी ?

✤ ५३ रुपयों की एक, इस दर से ६ तौलियों का मूल्य कितना होगा ?

✤ एक पेटी में ७२ सेब हैं । ऐसी ५ पेटियों में कितने सेब होंगे ?

✤ एक डिब्बे में ४० लड्डू समाते हों, तो ऐसे ९ डिब्बों में कितने लड्डू समाएँगे ?

✦ गुणा संबंधी प्रश्न तैयार करके हल करो ।

जानकारी : ८ रुपयों में १ कापी, ४५ कापियाँ ।

प्रश्न : ८ रुपयों में एक कापी की दर से ४५ कापियों का कुल मूल्य कितना होगा ?

  ४५ कापियाँ
× ८ एक कापी का मूल्य
३६० रुपये

४५ कापियों का कुल मूल्य ३६० रुपये ।

जानकारी : एक पेटी में ४८ अनार, ७ पेटियाँ ।

प्रश्न : एक पेटी में ४८ अनार, तो ७ पेटियों में कुल कितने अनार ?

७ पेटियों में कुल अनार ☐

✤ एक कतार में १५ वृक्ष, ९ कतारें ।

✤ एक डिब्बे में २० लड्डू, ८ डिब्बे ।

✤ १६ खिलौनें, प्रत्येक का मूल्य १० रु. ।

✤ एक पुस्तक के लिए ३६ रुपये, ७ पुस्तकें ।